भारत सरकार

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्याः 4128

उत्तर देने की तारीखः 25.03.2025

मध्य प्रदेश में पीएमएजीवाई योजना

4128. श्री ज्ञानेश्वर पाटील:

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना (पीएमएजीवाई) के अंतर्गत मध्य प्रदेश (एमपी) के गांवों में समाज की न्यूनतम आवश्यकता को पूरा करने के लिए अवसंरचना और सुविधाओं के विकास के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ख) मध्य प्रदेश में जिलावार कितने गांवों की पहचान की गई है;

(ग) योजना के अंतर्गत इन गांवों में शुरू किए गए विशिष्ट कार्यों का ब्यौरा और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है और योजना के अंतर्गत लाभार्थियों की संख्या कितनी है; और

(घ) उक्त गांवों में शुरू किए गए विशिष्ट कार्यों का ब्यौरा क्या है और उनकी वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री

(श्री रामदास आठवले)

(क) से (घ): वर्ष 2021-22 में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना की पूर्ववर्ती योजना को प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) की व्यापक योजना के अंतर्गत समाहित कर लिया गया है। 40% से अधिक अनुसूचित जाति की आबादी और 500 या उससे अधिक की कुल आबादी वाले गांव इस योजना के तहत चयन के लिए पात्र हैं। चयनित गांवों को 10 प्रभाव क्षेत्रों (डोमेन) नामतः पेयजल और स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण, सामाजिक सुरक्षा, ग्रामीण सड़कें और आवासन, बिजली और स्वच्छ ईंधन, कृषि पद्धतियां, वित्तीय समावेशन, डिजिटलीकरण, आजीविका और कौशल विकास, जो किसी भी गांव में रहने वाले व्यक्ति के लिए न्यूनतम अपेक्षाएं हैं, के अंतर्गत अभिचिह्नित 50 सामाजिक-आर्थिक विकासात्मक संकेतकों के साथ परिपूर्ण किया जाता है।

प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) के आदर्श ग्राम घटक के अंतर्गत मध्य प्रदेश में 1,690 गांव अभिचिह्नित किए गए हैं। 1,690 गांवों में से 1,223 गांवों को आदर्श ग्राम के रूप में घोषित किया गया है और 5,299 कार्य निष्पादित किए गए हैं, जिससे अनुसूचित जाति के 7,67,710 लोगों को लाभ मिला है। मध्य प्रदेश में जिलेवार अभिचिह्नित गांवों का विवरण और निष्पादित कार्यों की संख्या संलग्नक में दी गई है। इन गांवों में शुरू किए गए कार्यों में मुख्य रूप से आंतरिक सड़कों का निर्माण, स्कूलों और आंगनवाड़ियों में शौचालयों का निर्माण, घरों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन, गांवों में विद्युतीकरण और नालियों का निर्माण शामिल हैं।

<u>संलग्नक</u>

"मध्य प्रदेश में पीएमएजीवाई योजना" के संबंध में लोक सभा में दिनांक 25.03.2025 को उत्तर के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 4128 के संबंध में उल्लिखित संलग्नक

मध्य प्रदेश में आदर्श ग्राम घटक के अंतर्गत शामिल गांवों और संपन्न कार्यों का विवरण			
क्र.सं.	जिला	कुल गांव	निष्पादित कार्यों की संख्या
1	आगर मालवा	36	113
2	अलीराजपुर	4	34
3	अनूपपुर	8	3
4	अशोकनगर	34	38
5	बालाघाट	1	4
6	बड़वानी	7	10
7	बेतुल	11	18
8	भिंड	86	601
9	भोपाल	24	64
10	बुरहानपुर	5	0
11	छतरपुर	77	136
12	छिंदवाड़ा	16	46
13	दमोह	21	23
14	दतिया	49	102
15	देवास	48	144
16	धार	4	40
17	डिंडोरी	26	18
18	पूर्वी निमाड़	12	29
19	गुना	22	242
20	ग्वालियर	54	121
21	हरदा	8	10
22	होशंगाबाद	11	33
23	इंदौर	36	91
24	जबलपुर	16	39
25	कटनी	4	0
26	खरगोन	30	86
27	मंडला	8	19
28	मन्दसौर	61	170
29	मुरैना	67	30
30	नरसिंहपुर	15	113
31	नीमच	10	14
32	निवाड़ी	24	3
33	पन्ना	40	31
34	रायसेन	29	33
35	राजगढ़	49	381
36	रतलाम	39	109
37	रीवा	56	212
38	सागर	60	82
39	सतना	74	211
40	सीहोर	68	609
41	सिवनी	15	113
42	शहडोल	5	9
43	शाजापुर	56	154
44	श्योपुर	18	8
45	शिवपुरी	46	17
46	सीधी	11	4
47	सिंगरौली	9	11
48	टीकमगढ़	58	176
49	उज्जैन	170	478
50	उमरिया	5	5
51	विदिशा	47	262
	कुल	**1,690**	**5,299**

*****